ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, बुधवार 29 मई 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 88


# दिल्ली @ 52.3 डिग्री, बिहार में गर्मी से 80 स्टूडेंट्स बेहोश, राजस्थान में आज गर्मी से सरपंच सहित 4 की मौत



जालंधर में ट्रेन के यात्रियों को पानी ऑफर करते लोग।



राजस्थान के ब्यावर में सड़क पर पानी छिड़कता एक शख्स।



मथुरा के फरा चुरमुरा गांव में हाथियों को पानी से नहलाता व्यक्ति।

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, नेशनल डेस्क। नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को देश में सबसे ज्यादा गर्मी का रिकॉर्ड दिल्ली ने तोड़ दिया। मंगेशपुर में दोपहर का तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। दिल्ली में बारिश भी शुरू हो गई है। दिल्ली में पानी की कमी के बीच केजरीवाल सरकार ने पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। 200 लोगों की टीम पानी की बर्बादी की मॉनिटरिंग करेगी। दिल्ली के बाद राजस्थान का चूरू शहर 50.5 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान में गर्मी से 23 से 29 मई तक 55 लोगों की मौत हो चुकी है। बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। भीषण गर्मी से यहां बुधवार को 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। राज्य में दो दिन हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने देश के 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में बुधवार के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि मानसून अगले 24 घंटे में केरल तट से टकरा सकता है। अगले एक हफ्ते में यह देश के बाकी हिस्सों तक पहुंच सकता है। 26 मई को बंगाल में आए तूफान रेमल का असर असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में है। यहां 1 जून तक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।


### दिल्ली में पाइप से कार धोने पर 2000 रुपए फाइन

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली जल बोर्ड के ब्म्व् को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वे तुरंत दिल्ली भर में 200 टीमें तैनात करें, ताकि पाइप से कार धोने, पानी की टंकियों के ओवरफ्लो होने और निर्माण या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए घरेलू जल आपूर्ति के उपयोग पर नकेल कसी जा सके। आतिशी ने निर्देश दिया कि 30 मई को सुबह 8 बजे से टीमें तैनात की जाएंगी और पानी की बर्बादी करने वाले किसी भी व्यक्ति पर 2000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा और निर्माण स्थलों या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर अवैध पानी के कनेक्शन को काट दिया जाएगा।

### राजस्थान में अब तक 55 लोगों की मौत

राजस्थान में भीषण गर्मी और हीटवेव कहर बरपा रही है। नौतपा के पांचवें दिन आज प्रदेश में डेढ़ साल की बच्ची, सरपंच समेत 4 लोगों की मौत हो गई। सात दिन में अब तक 55 लोग गर्मी से जान गंवा चुके हैं। आज और कल 20 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट है। जानलेवा गर्मी से परेशान लोगों के लिए मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- प्रदेशवासियों को एक जून से हीटवेव से राहत मिल सकती है। जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में 31 मई से 2 जून तक हल्की बारिश की प्रबल संभावना है। राधेश्याम शर्मा ने बताया- 31 मई को मौसम बदलेगा। प्रदेश के 11 जिलों में आंधी और तेज हवाओं का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें 9 जिलों में 30 से 40 और 2 जिलों में 40 से 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। गर्मी का सबसे अधिक प्रकोप सरहदी इलाकों में दिख रहा है। लू के थपेड़ों और 50 डिग्री तापमान में सीमा सुरक्षा बल के जवान भी बीमार हो रहे हैं। इस बीच पानी-बिजली कटौती की बढ़ती समस्या को लेकर नेताओं की बयानबाजी जारी है। पानी नहीं मिलने के कारण सूरतगढ़ के पांच लोग टंकी पर चढ़ गए। इस दौरान एक की तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। 4 घंटे बाद मौके पर पहुंची एसडीएम के आश्वासन के बाद चारों नीचे उतरे। करदू, देईदासपुरा और सांवतसर में लंबे समय से पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। ऐसे में 5 ग्रामीणों ने सुबह 10 बजे देईदासपुरा गांव में स्थित जलदाय विभाग की पेयजल टंकी पर चढ़कर नारेबाजी शुरू कर दी थी। केकड़ी पंचायत समिति के मोलकिया ग्राम पंचायत के सरपंच धनराज जाट की भीषण गर्मी की चपेट में आने से मंगलवार शाम मौत हो गई। नराम आमली गांव में चल रहे कार्य का निरीक्षण कर दोपहर को अपनी कार से गांव तितरिया लौट रहे थे। इसी दौरान भीषण गर्मी के कारण मोलकिया ग्राम के निकट अचेत हो गए। ग्रामीणों ने धनराज जाट को केकड़ी के सरकारी हॉस्पिटल लेकर आए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर 55 डिग्री से भी ज्यादा तापमान में 2 सेना के जवानों की हीट स्ट्रोक से तबीयत बिगड़ गई। दोनों को तुरंत जवाहिर हॉस्पिटल लाया गया जहां गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें एडमिट किया गया। पाली जिले के सिंदरू गांव निवासी मानाराम पुत्र लाखाराम देवासी फालना की एक गौशाला में काम करते थे। 27 मई को अचानक तेज गर्मी में उनकी तबीयत बिगड़ी थी। उन्हें पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में एडमिट कराया था। जहां उनकी आज सुबह मौत् हो गई। वहीं राणावास गांव के 67 साल के फाऊराम पुत्र रामलाल मेघवाल की भी तेज गर्मी मसे मौत हो गई। उन्हें भी बांगड़ हॉस्पिटल के लू वार्ड में एडमिट कराया गया था।

## RPSC विधि रचनाकार परीक्षा
### अभ्यर्थियों को मिला फॉर्म में संशोधन का अवसर




**24 न्यूज अपडेट**

अजमेर. राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से विधि रचनाकार ( विधि एवं विधिक कार्य विभाग ) प्रतियोगी परीक्षा 2024 में संशोधन का अवसर दिया गया है. 29 से 7 जून तक अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्मतिथि और जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन किए जा सकेंगे ।

आयोग के संयुक्त सचिव चेतन कुमार त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा का आयोजन 14 जुलाई 2024 को किया जाना प्रस्तावित है. ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यार्थियों की सुविधा मात्र है. परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित पत्रों की शर्तों के अनुरूप ही संशोधन मान्य होंगे. विज्ञापन की शर्तें पूर्व के अनुसार ही रहेगी. ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा. ऑनलाइन संशोधन के लिए शुल्क और प्रक्रिया : त्रिपाठी ने बताया कि संशोधन जाने वाले अभ्यर्थी को ईमित्र/ ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से 500 रुपए का शुल्क जमा करवाना होगा. आयोग की ऑनलाइन पोर्टल https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध अप्लाई ऑनलाइन लिक या एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन एप्स पर उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑनलाइन संशोधन किया जा सकेगा. इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी घटनाएं होने पर recruitmenthelp-desk@rajasthan.gov.in पर ईमेल से अथवा फोन नंबर 9452323625 और 7340557555 पर संपर्क किया जा सकता है ।

**अवांछित अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन विदड्रा** : निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभाव धारित नहीं होने के उपरांत भी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध आईपीसी के अंतर्गत और आयोग की आगामी भर्ती प्रक्रियाओं से वंचित करने की कार्यवाही की जा सकती है. इसलिए ऐसे अभ्यर्थी भी इस अवधि के दौरान अपना ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहारित (विदड्रा) कर ले. इसके लिए एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर माय रिक्रूटमेंट क्षेत्र के अंतर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध विदड्रा बटन पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन प्रत्याहारित किया जा सकता है ।

## राजस्थान बोर्ड ने जारी किया 10वीं का परीक्षा परिणाम, छात्राओं ने मारी बाजी



**24 न्यूज अपडेट**

अजमेर. राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार शाम को 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है. 10वीं का परीक्षा परिणाम 93.03 प्रतिशत रहा है. इस परीक्षा में छात्राओं ने बाजी मारी है. बुधवार को शाम 5 बजे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रशासक महेश चंद्र शर्मा और सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने परीक्षा परिणाम को जारी किया. बोर्ड प्रशासन के मुताबिक इस परीक्षा में 9 लाख 67 हजार 392 परीक्षा उत्तीर्ण हुए हैं. परीक्षा में छात्राओं का परिणाम 93.46 प्रतिशत रहा है, जबकि छात्रों का परीक्षा परिणाम 92.64 प्रतिशत रहा है. बता दें कि इससे पहले 20 मई को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं के तीनों संकाय कला, वाणिज्य व विज्ञान वर्ग का परीक्षा परिणाम एक साथ जारी किया था. इसके 8 दिन के बाद अब बोर्ड ने 10वीं का परिणाम जारी कर दिया है. वहीं, आरबीएसई (राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की ओर से 12वीं विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय के रिजल्ट में साइंस स्ट्रीम में 97 फीसदी से ज्यादा परिणाम रहा, तो वहीं आट्र्स में 96.88 फीसदी से ज्यादा स्टूडेंट पास हुए, जबकि कॉमर्स 98.95 फीसदी परिणाम रहा था. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा परिणाम को इस महीने के अंत तक जारी करने की बात कही थी. इसी के तहत बोर्ड प्रशासन ने पहले 20 मई को 12वीं और आज 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है. एक माह में बोर्ड ने 12वीं और 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी करके इतिहास रच दिया है ।

## मोदी बोले- ओडिशा CM की बिगड़ती तबीयत साजिश तो नहीं:जांच करवाएंगे



**24 न्यूज अपडेट**

भुवनेश्वर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 77 साल के ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खराब स्वास्थ्य पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि उनकी बिगड़ती सेहत के पीछे साजिश तो नहीं? अगर ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी, तो हम नवीन बाबू के खराब स्वास्थ्य के कारण का पता लगाने के लिए एक कमेटी बनाएंगे। मोदी ने बुधवार 28 मई को ओडिशा के मयूरभंज जिले में जनसभा में कहा कि पिछले एक साल में नवीन बाबू की तबीयत इतनी कैसे बिगड़ी गई। सालों से उनके करीब रहे लोग जब मुझसे मिलते हैं, तो उनकी सेहत की चर्चा करते हैं। वे बताते हैं कि नवीन बाबू अब खुद से कुछ भी नहीं कर पाते। क्या उनकी तबीयत खराब होने के पीछे कोई षड्यंत्र है।

### मोदी ने ऐसा क्यों कहा, भाजपा इस मुद्दे को क्यों उठा रही है

इसकी वजह है- पूर्व आईएएस अफसर और बीजू जनता दल के नेता वीके पांडियन। ऐसा आरोप है कि इस समय वे ही सरकार चला रहे हैं और सरकार से जुड़े फैसले ले रहे हैं। इस मामले ने 28 मई को तब और तूल पकड़ा जब नवीन पटनायक का एक वीडियो सामने आया। इसमें वे मंच से भाषण दे रहे थे। उनके बगल में पांडियन माइक पकड़कर खड़े थे।

# अचानक बिगड़ी अशोक गहलोत की तबीयत, पंजाब दौरा छोड़ा, व्हीलचेयर पर आए जयपुर, चुनावी रैलियां रद्द



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत की अचानक तबीयत खराब हो गई है। पंजाब का चुनावी दौरा बीच में छोड़कर जयपुर लौट गए हैं। आज चंडीगढ़ में गहलोत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस और पंजाब की चुनावी रैलियां रद्द कर दी हैं। गहलोत को स्लिप डिस्क की प्रोब्लम बताई जा रही है व इसी कारण से वे चुनावी दौरा बीच में ही छोड़कर जयपुर आ गए हैं। पूर्व सीएम गहलोत मंगलवार रात चुनावी दौरे पर चंडीगढ़ पहुंचे थे। गहलोत की तबीयत खराब होने से अब वे अंतिम चरण में चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। सुबह चंडीगढ़ से जयपुर आए गहलोत स्लिप डिस्क की दिक्कत होने से व्हील चेयर पर ही एयरपोर्ट पर नजर आए।

# वोटों का सच्चा सौंदा : हरियाणा में भाजपा प्रत्याशी ने राम रहीम को कहा- आभार पिताजी



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, नेशनल डेस्क। वोटों के लिए कुछ भी करेंगा वाली बात चरितार्थ हो रही है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि साधन क्या है, साध्य क्या और साधनों की पव्रित्रता क्या। भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल का एक वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हे जिसमें वे राम रहीम का आभार जताते हुए कह रहे हैं-आभार पिताजी। हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से जिंदल भाजपा उम्मीदवार हैं। प्रसिद्ध उद्योगपति जिंदल का वीडियो 25 मई को हरियाणा में वोटिंग वाले दिन का बताया जा रहा है। वीडियो में नवीन जिंदल ने कहा- ''धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा, सभी मेरे प्रेमी भाइयों और बहनों को मेरी राम-राम। मैं बहुत ही आभारी हूं, माननीय पिता जी (राम रहीम) का, जो उन्होंने अपना आशीर्वाद दिया और आप सभी बहनों-भाइयों का भी मैं आभारी हूं जो आपका इतना प्यार और आशीर्वाद मुझे मिला। धन्यवाद, धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा।" आपको बता दें कि राम रहीम को मंगलवार को ही पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने डेरा मैनेजर रणजीत सिंह के मर्डर केस में बरी किया है। फिलहाल दो अन्य मामलों में डेरामुखी रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है। बताया जा रहा है कि डेरे के समर्थक नतीजे बदलने की ताकत रखते हैं। ऐसे में अंदरखाने गुपचुप तरीके से डेरा ने भाजपा का समर्थन किया व इंटरनल मैसेज दिया कि हरियाणा में भाजपा को समर्थन करना है। डोर-टू-डोर जाकर डेरा प्रेमियों तक मैसेज पहुंचाया गया।

# दो मकान में सेंधमारी, चोरों ने 9 लाख रुपये के जेवर उड़ाए



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़. निकटवर्ती सेमलपुरा में मंगलवार रात्रि चोरों ने दो मकानों में सेंधमारी की. वारदात के दौरान दोनों ही परिवार के सदस्य गर्मी के चलते छत पर सोए हुए थे. इसका बदमाशो ने फायदा उठाया और दीवार से पत्थर निकाल कर घरों में घुस गए. उसके बाद करीब 10 तोला सोना और चांदी के जेवर चुरा ले गए. इस बारे में कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई. इस संबंध में थाना प्रभारी संजीव स्वामी ने बताया कि दोनों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है. मौके पर सीसीटीवी कैमरे भी पाए गए, उनके फुटेज निकाले जाएंगे । रोशन लाल धाकड़ ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उसके मकान के पिछवाड़े रतनलाल धाकड़ का बाड़ा है, जहां रतन लाल के मवेशी बांधे जाते हैं. मंगलवार रात नोहरे के रास्ते बदमाशों ने दीवार से पत्थर निकाल लिए और अंदर घुस गए. उस दौरान रोशन लाल और उनकी दो बेटियां कमरे में सो रहे थे. जिस कमरे में अलमारी थी वहां कोई नहीं था. ऐसे में चोरों ने इत्मीनान से अलमारी का लॉक तोड़कर 6 से 7 तोला सोना, 900 ग्राम चांदी के आभूषण निकाल लिए ।

इसी प्रकार बदमाशों ने पड़ोसी बद्री लाल धाकड़ के घर पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. उसके भी मकान के पिछवाड़े से पत्थर हटाकर चोर मकान में घुस गए. उसे दौरान बद्री लाल अपने परिवार के साथ मकान की छत पर सोया हुआ था. चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर साढ़े तीन तोला सोना, 500 ग्राम चांदी के जेवर और 50 हजर की नकदी चुरा ली. रोशन और बद्री लाल का परिवार बुधवार सुबह जब उठा तो अलमारी के ताले टूटे देखकर उनके होश उड़ गए. घर का पूरा सामान बिखरा हुआ था. सूचना पाकर बड़ी संख्या में गांव के लोग मौके पर पहुंच गए. बताया जाता है कि कुछ समय पहले भी करीब आधा दर्जन लोगों ने चोरी का प्रयास किया था, लेकिन असफल रहे. दोनों ही पीड़ितों ने इस बारे में कोतवाली पुलिस थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

# पेरेंट्स कृपया ध्यान दें...कल 3 बजे आ रहा है पांचवीं और आठवीं का परीक्षा परिणाम

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा 5). 2024 एवं प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 8), 2024 के परीक्षा परिणाम कल आ रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा 5), 2024 एवं प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 8), 2024 के परीक्षा परिणाम गुरूवार दिनांक 30.05.2024 दोपहर 3:00 बजे शासन सचिव,




स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर के द्वारा जारी किये जायेगें। उल्लेखनीय है कि कक्षा 8 की परीक्षा का आयोजन दिनांक 28.03.2024 से 04.04.2024 एवं कक्षा 5 की परीक्षा का आयोजन दिनांक 30.04.2024 से 04.05.2024 तक राज्य के समस्त जिलों में किया गया था। कक्षा 8 में लगभग 12.50 लाख एवं कक्षा 5 में लगभग 14.37 लाख परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरान्त इसको शाला दर्पण पोर्टल तथा पी.एस.पी. पोर्टल पर देखा जा सकेगा।

# कल रात को जर्मनी से बेंगलूरू के लिए रवाना होगा 50 से ज्यादा महिलाओं का सेक्शुअल हैरेसमेंट करने वाला प्रज्वल रवन्ना



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, नेशनल डेस्क। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल के मुख्य आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना की वतन वापसी तय हो गई है। भगौड़े रवन्ना ने जर्मनी के म्यूनिख से बेंगलुरु के लिए फ्लाइट बुक करवा ली है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने आज बताया कि वह गुरुवार को उड़ान भरेगा और 30- 31 मई की रात को बेंगलुरु पहुंच सकता है। प्रज्वल पर 50 से ज्यादा महिलाओं का सेक्शुअल हैरेसमेंट करने का आरोप है। उसके 2 से 3 हजार आपत्तिजनक वीडियो सामने आने का दावा किया जा रहा है। प्रज्वल 26 अप्रैल को वोटिंग के बाद जैसे ही सेक्स सीडी कांड सामने आया, जर्मनी चला गया। तब से वापस लौटने का नाम नहीं ले रहा था। सरकारी एजेंसियां नोटिस दे रही थी मगर अब जबकि चुनाव लगभग निपट चुके हैं, उसकी पॉलिटिकल वापसी तय हो गई है। वह मौजूदा लोकसभा चुनाव के लिए हासन से उम्मीदवार भी है। खुर प्रधानमंत्री ने आरोप लगने से पहले गठबंधन दल होने से प्रज्वल के समर्थन में जनसभा की थी। अब बताया जा रहा है कि बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट पर उसको उतरते ही गिरफ्तार किया जा सकता है। उधर, प्रज्वल की ओर से सेशंस कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई है। दो दिन पहले ही 27 मई को प्रज्वल वीडियो में अवतरित हुआ और कहा था कि वह 31 मई को जांच के लिए पेश होगा। उसने अपने खिलाफ लगे आरोपों को झूठा बताया था। उसने कहा था- मुझे अदालत पर भरोसा है। मुझे विश्वास है कि मैं अदालत के जरिए झूठे मामलों से बाहर आ जाऊंगा। प्रज्वल के खिलाफ 3 महिलाओं के उत्पीड़न के 3 मामले दर्ज हैं। इस बीच प्रज्वल के दादा पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा ने कहा मैं प्रज्वल से रिक्वेस्ट नहीं, बल्कि उसे चेतावनी दे रहा हूं। अगर वह इस चेतावनी को नहीं मानता है तो उसे मेरा और पूरे परिवार का गुस्सा झेलना पड़ेगा। प्रज्वल ने प्रज्वल ने कन्नड़ टीवी चैनल को भेजे वीडियो में कहा था कि मैं अपने माता-पिता, दादा से माफी मांगता हूं।

# सरिस्का से आई खुशखबरी: बाघिन एसटी-27 के साथ दिखे दो शावक, कुनबा बढ़कर हुआ 35



**24 न्यूज अपडेट**

अलवर. टाइगर रिजर्व सरिस्का से वन्यजीव प्रेमियों के लिए फिर से खुशखबर आई है. अब सरिस्का में बाघिन एसटी- 27 के साथ कैमरा ट्रैप में दो शावक दिखाई दिए हैं. सरिस्का में अब बाघों का कुनबा बढ़कर 35 हो गया है. यहां ढाई महीने में दूसरी बार खुशी की खबर मिली है. इससे पहले गत 13 मार्च को बाघिन एसटी-12 तीन शावकों के साथ नजर आई थी.सरिस्का के लिए वर्ष 2024 खुशियां लेकर आया है. सरिस्का में अभी 11 मेल, 14 फीमेल और 10 शावक हैं ।

बाघिन एसटी—27 ने पहली बार दिया शावकों को जन्मः सरिस्का में बाघिन एसटी-27 ने पहली बार शावकों को जन्म दिया है. बाघिन एसटी-27 की टैरिटरी टहला व अजबगढ रेंज रही है. कैमरा ट्रैप में शावकों के साथ बाघिन इसी क्षेत्र में दिखाई दी है. बाघिन एसटी-27 के साथ दिखे शावकों की उम्र करीब 2 माह है. यह बाघिन एसटी-14 की संतान है. यानी बाघिन एसटी-14 भी नानी बन गई है ।

वन्यजीव प्रेमियों के अनुसार बाघिन एसटी-27 के साथ करीब दो दिन पहले एक शावक दिखाई दिया था, इसके बाद बाघिन एसटी- 27 की गतिविधियों पर नजदीक से नजर रखी गई और मंगलवार रात को इस बाघिन के साथ कैमरा टैप में 2 शावक नजर आए. सरिस्का के डीएफओ महेन्द्र शर्मा ने बताया कि बाघिन एसटी-27 के साथ दो शावक दिखे हैं, सरिस्का में अब बाघों का कुनबा 35 हो गया है. वहीं, वन मंत्री संजय शर्मा ने सरिस्का में दो नए शावक दिखाई देने पर खुशी जताई है. उन्होंने कहा कि सरिस्का निरंतर खुशहाल हो रहा है, इससे अलवर जिले की ख्याति भी देश भर में बढ़ रही है ।

सरिस्का में बढ़ रहा बाघों का कुनबाः नए शावकों के जन्म होने के बाद सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़कर 35 हो गया है. सरिस्का प्रशासन की ओर से बाघिन व उनके शवों को पर नजर रखी जा रही है. सरिस्का की टीम उनकी मॉनिटरिंग कर रही है. अभी बाघिन ताल टहला रेंज में मूवमेंट कर रही है. सरिस्का का एक बाघ जमवारामगढ़ के जंगल में मूवमेंट कर रहा है, जबकि बफर जोन में कुल 7 बाघ है. अन्य बाघ सरिस्का के घने जंगल में घूम रहे हैं. इसके अलावा बाघ एसटी 13 बीते ढाई साल से लापता है ।

# बिजली संकट : 9 दिन में कॉल सेंटर पर 1.50 लाख शिकायतें, मंत्री ने अटेंड किया कॉल



**24न्यूज अपडेट**

जयपुर. राज्य में भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट को लेकर अब भजनलाल सरकार एक्टिव मोड में काम कर रही है. ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर मंगलवार रात को जयपुर डिस्कॉम के बनीपार्क पावर हाउस स्थित केंद्रीकृत कॉल सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां खुद कॉल अटेंड कर मंत्री ने लोगों की शिकायतें सुनी और निस्तारण के निर्देश दिए. उन्होंने डिस्कॉम अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की बिजली संबंधी शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ तत्परता से निस्तारण किया जाए. उन्होंने कहा कि बिजली संबंधी शिकायतों को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए. उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में व्यवधान संबंधी शिकायत प्राप्त होते ही फॉल्ट रेक्टीफिकेशन टीम (एफआरटी) जल्द से जल्द उपभोक्ता तक पहुंचें और बाधित विद्युत आपूर्ति को यथाशीघ्र बहाल करना पहली प्राथमिकता हो. उन्होंने कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली को भी बारीकी से समझा. सब डिवीजन में 330 एफआरटी मुस्तैद : कॉल सेंटर प्रभारी अधीक्षण अभियंता एके त्यागी ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि जयपुर डिस्कॉम में कॉल सेंटर पर दर्ज शिकायतों के तुरंत समाधान के लिए सब-डिवीजन स्तर पर 330 एफआरटी टीमें मय वाहन संचालित हैं. बिजली आपूर्ति में व्यवधान व अन्य तकनीकी शिकायतें टोल फ्री आईवीआरएस नंबर 18001806507, टेलिफोन नंबर 0141-2203000, आईवीआरएस 1912 पर दर्ज करवाई जा सकती है. उन्होंने बताया कि कॉल सेंटर पर 19 मई से 27 मई तक प्राप्त 1 लाख 48 हजार 840 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है । कांग्रेस सरकार से मिला जर्जर बिजली तंत्र : ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बयान जारी कर कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार से भाजपा सरकार को जर्जर बिजली तंत्र विरासत में मिला है. हर दिन 147 लाख यूनिट बिजली कांग्रेस सरकार के बैंकिंग समझौते के कारण अन्य राज्यों को लौटानी पड़ रही है. जिसका खामियाजा भीषण गर्मी में प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है । उन्होंने कहा, यह बैंकिंग समझौता नहीं होता तो आज प्रदेश के लोगों को पूरी बिजली मिल रही होती ।

# बारिश के लिए अनूठा यज्ञ, बर्फ के पानी में बैठकर इंद्र देव को मनाया



**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर. नौतपा के प्रचंड गर्मी ने जीव-जंतु, पशु-पक्षी सभी का जीना बेहाल कर रखा है. इससे निजात पाने के लिए जयपुर के पंडितों ने अनूठा यज्ञ कर सूर्यदेव से तीखे तेवर नरम करने की प्रार्थना की है. पंडितों ने बर्फ के ठंडे पानी में बैठकर पर्जन्य यज्ञ करते हुए उदात्त धाराओं से इंद्र भगवान से बरसात की कामना की. इस दौरान विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां भी दीं । सनातन काल से चली आ रही परंपरा : जयपुर के स्वेज फार्म नीलकंठ महादेव मंदिर पर जयपुर सहित पूरे राजस्थान में अच्छी बारिश के लिए इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए पर्जन्य यज्ञ हुआ. इस महायज्ञ में 11 पंडितों ने मंत्रों के जरिए इंद्रदेव का आह्वान किया. इस संबंध में पंडित करण शर्मा ने बताया कि धर्म ग्रंथों के अनुसार सनातन काल से ही यज्ञ-हवन की परंपरा चली आ रही है. जनकल्याण के उद्देश्य से सच्चे मन से विधि विधान से यदि अनुष्ठान किया जाए, तो उद्देश्य की पूर्ति भी होती है, इसलिए प्रदेश और देश में अच्छी बारिश के लिए इंद्रदेव को प्रसन्न करने के लिए पानी में बैठकर यज्ञ किया गया, ताकि सर्वोच्च गर्मी के प्रकोप से राहत मिले और अच्छी बारिश हो. इस दौरान ज्योतिष परिषद और शोध संस्थान निदेशक ज्योतिषाचार्य पंडित पुरुषोत्तम गौड़ ने बताया कि नौतपा के चलते सूर्य नारायण की प्रचण्ड गर्मी के कारण चारों तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई है, इसलिए पर्जन्य यज्ञ की उदात्त धाराओं से इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए ग्यारह विद्वान वैदिक ब्राह्मणों ने अनूठा अनुष्ठान किया ।

# इलेक्ट्रिक बोट संचालक ने कहा-फेक वीडियो बनाकर छवि खराब करने का प्रयास करने वालों पर करेंगे कानूनी कार्रवाई


**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। शिवा कोरपोरेशन एंड कोरल एसोसिएट ज्वाइंट वेंचर के धर्मवीरसिंह भाटी ने बता कि हमने पिछोला झील में पहली बार राजस्थान में इलेक्ट्रिक बोट का संचालन शुरू किया है। उसमें मेयर साहब, उप महापौर, कमिश्नर साहब और कलेक्टर का विशेष सहयोग रहा। हमारी कंपनी ने संभी संसाधन जुटा कर इलेक्ट्रिक बोट का संचालन शुरू किया। पेट्रोल बोटों में पेट्रोल का रिसाव होता था और उसकी वजह से मछलियां आदि को परेशानी हो रही थी। अभी चार बोट की शुरूआत की है और धीरे-धीरे इसकी संख्या 15 तक ले जाएंगे। विरोधियों की ओर से फेक वीडियो बना कर उदयपुर की छवि को व हमारी कंपनी की छवि को खराब बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक कोई भी बोट बीच में बंद नहीं हुई। जो लोग नेगेटिव रूप से कंपनी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं उनको हम कोर्ट का नोटिस भेज कर जवाब देंगे। अगर किसी को लगता है कि कुछ गलत है या कोई चीज है तो वो हमसे मिले व बात करें। अब तक तो कोई बोट खराब हुई ही नहीं है और अगर हो भी जाए तो भी मेरा कहना है कि बात करें। प्लेन तक रास्ते में खराब हो जाते हैं, उनको दूसरी जगह पर लैंड करना पड़ता हैं। बिना वजह से किसी चीज को बढ़ा चढ़ा कर गलत चीजें जोड़कर जो लोग उदयपुर व हमारी कंपनी की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं वो इस चीज को हल्के में ना लें हम कोर्ट के जरिये कार्रवाई करेंगे। जहां तक झगड़े का सवाल है, हमारी कंपनी का कोई लेना देना नहीं है आपस में दो ग्रुप लड़े व हमारा स्टाफ उनको छुड़ाने गया था। पास में दो लोग लड़ेंगे तो न्यूसेंस क्रिएट होगा।




# डोडा-चूरा के चक्कर में कार भगाई, जीजा-साले ने जान गंवाई

**24 न्यूज अपडेट**



24 न्यूज अपडेट. भीलवाड़ा। भीलवाड़ा के मांडल थाना इलाके में डोडा-चूरा तस्करी कर रहे दो लोगों की ओवर स्पीड कार ट्रक में घुस गई। हादसे में दोनों की मौत हो गई। दोनो रिश्ते में जीजा-साले लगते हैं। बुधवार को सुबह करीब 6 बजे यह हादसा हुआ। हरिपुरा चौराहे पर नेशनल हाईवे पुलिया पर भीषण सड़क हादसा हुआ। कार में डोडा-चूरा था और दोनों मृतक तस्कर बताए जा रहे है। डोडा-चूरा भरकर कार को ओवर स्पीड पर भगा रहे थे। ओवर टेक के चक्कर में कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। स्विफ्ट बुरी तरह से चकनाचूर हो गई। एंबुलेंस से दोनों तस्करों के शवों को मांडल हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में भिजवाया। कार में 91 किलो डोडा-चूरा भरा मिला। थाना प्रभारी संजय गुर्जर ने बताया कि कसा पट्टियों से भरे ट्रक में घुस गई। मृतकों की पहचान ब्यावर निवासी मांगीलाल देवासी और भेराराम देवासी के रूप में हुई है। ये आपस में जीजा-साले हैं। बताया जा रहा है कि कार ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ। इधर, ट्रक ड्राइवर चिताम्बा निवासी सुरेश पिता प्यारेलाल सालवी ने बताया कि वो पट्टियां भर कर बदनोर जा रहा था। पुलिया पर तेज धमाका हुआ तो उसे लगा कि ट्रक का टायर फटा है। ट्रक को रोका और नीचे उतरकर देखा तो पीछे से कार ट्रक में घुसी हुई थी।

# 9 जोड़ी रेलसेवाओं में 16 डिब्बे बढ़ाए, टिकट कंफर्म होने की उम्मीद बढ़ी



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। इससे पहले आपने 24 न्यूज अपडेट पर बच्चों की रेलगाड़ी पर गर्मी की मार की खास रिपोर्ट पढ़ी जिसमें नौतपा के कारण टूरिस्ट नहीं आ रहे हैं लेकिन उदयपुर से जाने व आने वाली असली रेलगाड़ियों में अब भी टिकट की मारामारी है। खास तौर पर गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 9 जोड़ी रेलसेवाओं में 16 डिब्बे बढ़ाए जा रहे है। सभी डिब्बे अस्थाई रूप से बढ़ाए गए हैं। उदयुपर से जाने वाले यात्रियों को ट्रेनों के डिब्बे बढ़ाने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने कल इस बारे में सूचना जारी की थी जिसमें बताया गया कि गर्मियों की छुट्टियों में रेलवे पर यात्री भार काफी होता है। यात्रियों को भी टिकट मिलना मुश्किल होता है। ऐसे में रेलवे ने इसकी अस्थाई व्यवस्था करने का फैसला किया है। फिलहाल 9 जोड़ी ट्रेनों में 16 डिब्बे बढ़ाए जा रहे है।

1. गाड़ी संख्या 20473/20474, दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से 1 जून से 30 जून तक और उदयपुर सिटी से 2 जून से 1 जुलाई तक 1 सेकंड एसी और 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।
2. गाड़ी संख्या 12991/12992, उदयपुर सिटी-जयपुर-उदयपुर सिटी रेलसेवा में 1 जून से 30 जून तक 1 द्वितीय कुर्सीयान, 1 थर्ड एसी इकोनोमी और 2 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।
3. गाड़ी संख्या 19608/19607, मदार-कोलकाता-मदार एक्सप्रेस में मदार से 3 जून से 24 जून तक और कोलकाता से 6 जून से 27 जून तक 1 सैकण्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनोमी और 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।
4. गाड़ी संख्या 19601/19602, उदयपुर सिटी-न्यूजलपाईगुडी- उदयपुर सिटी रेलसेवा में उदयपुर सिटी से 1 जून से 29 जून तक और न्यूजलपाईगुडी से 3 जून से 1 जुलाई तक 1 थर्ड एसी इकोनामी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।
5. गाड़ी संख्या 19666/19665, उदयपुर सिटी-खजुराहो-उदयपुर सिटी रेलसेवा में उदयपुर सिटी से 1 जून से 30 जून तक और खजुराहो से 3 जून से 2 जुलाई तक 1 साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।
6. गाड़ी संख्या 20971/20972, उदयपुर सिटी-शालीमार -उदयपुर सिटी रेलसेवा में उदयपुर सिटी से 1 जून से 29 जून तक और शालीमार से 1 जून से 30 जून तक 1 थर्ड एसी इकोनामी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।
7. गाड़ी संख्या 09721/09722, जयपुर-उदयपुर सिटी-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 1 जून से 30 जून तक और उदयपुर सिटी से 2 जून से 1 जुलाई तक 1 साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।
8. गाड़ी संख्या 19703/19704, उदयपुर-असारवा-उदयपुर रेलसेवा में उदयपुर से 1 जून से 30 जून तक और असारवा से 2 जून से 1 जुलाई तक 1 साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है।
9. गाड़ी संख्या 09651/09652, उदयपुर-पटना-उदयपुर स्पेशल रेलसेवा में उदयपुर से 4 जून से 25 जून तक और पटना से 6 जून से 17 जून तक 1 थर्ड एसी इकोनोमी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढोतरी की जा रही है। इसके अलावा भी कई अन्य रेलगाड़ियों में डिब्बे बढ़ाए गए हैं।

# बीगोद में सट्टा खेलते 11 लोग पकड़े, 70 हजार और 11 मोबाइल जब्त



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, भीलवाड़ा। भीलवाड़ा के बीगोद में पुलिस ने ताशपत्ती पर जुआ खेलते और सट्टा दांव लगाते 11 जुआरियों को पकड़ा है। उनसे पुलिस ने 70 हजार 635 रुपए और 11 मोबाइल बरामद किए हैं। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि दांव लगाकर अवैध रूप से ताशपत्ती पर जुआ सट्टा खेलने की सूचना थी। दबिश देकर 11 लोगों को गिरफ्तार किया उनके पास से जुए की राशि और मोबाइल भी जब्त किए। पुलिस ने मोहम्मद सिराज पुत्र गुलाम रसूल बीगोद, घनश्याम पुत्र लादू लाल भीलवाड़ा, शहजाद खान पुत्र सिराजुद्दीन पठान भीलवाड़ा, मोहम्मद शाहरुख पुत्र मोहम्मद फरीद बीगोद, अब्दुल बद्दू पुत्र अब्दुल समद , जाकिर पुत्र मोहम्मद हुसैन बीगोद, मोहम्मद यूनुस पुत्र अब्दुल मजीद बीगोद, मोहम्मद जाकिर पुत्र सुभान बीगोद इमरान पुत्र फारूक अंसारी गुल नगरी भीलवाड़ा, मोहम्मद बिलाल पुत्र मोहम्मद यूसुफ और बिगोद साजिद पुत्र गुलाम बीगोद को गिरफ्तार किया।

# पति कोमा में, तो पत्नी को संपत्ति बेचने का पूरा अधिकार : हाईकोर्ट



**24 न्यूज अपडेट**

चेन्नईः कोमा में पड़े पति का इलाज कराने के लिए मद्रास हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है. हाई कोर्ट ने पत्नी को संरक्षक (अभिभावक) नियुक्त कर इलाज पर खर्च करने के लिए पति की संपत्ति बेचने का अधिकार दे दिया. चेन्नई की शशिकला ने मद्रास उच्च न्यायालय में एक मामला दायर किया था. इसमें अपने पति की संपत्ति को संभालने के लिए खुद को अभिभावक के रूप में नियुक्त करने की मांग की गई थी, जो स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं और कोमा में हैं । मामले की सुनवाई करने वाले एकल न्यायाधीश ने आदेश दिया कि अभिभावक के रूप में नियुक्ति की मांग करने वाली याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि कानून में इसके लिए कोई जगह नहीं है. इसके लिए सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर राहत मांगी जा सकती है. इस आदेश के खिलाफ शशिकला द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए, जस्टिस स्वामीनाथन और बालाजी की पीठ ने केरल उच्च न्यायालय के फैसले की ओर इशारा किया कि अगर कानून में कोई और रास्ता नहीं है तो अदालत कानूनी अभिभावक के रूप में आदेश जारी कर सकती है. कोर्ट ने पत्नी को अपने पति की संपत्ति को संभालने का आदेश दिया. उस आदेश में, न्यायाधीशों ने यह भी उल्लेख किया है कि 'पहले से ही अस्पताल के इलाज पर लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद, घर लौट चुके पति की देखभाल के लिए अलग से नर्सों की नियुक्ति करनी होगी' ।

अदालत में मौजूद शशिकला के दोनों बच्चों ने रोते हुए कहा कि अगर मां को संपत्ति बेचने की अनुमति नहीं दी जाती है? न्यायाधीशों ने कहा कि कोमा में पड़े व्यक्ति की देखभाल करना आसान नहीं है और सिविल कोर्ट से राहत मांगना अनुचित है । न्यायाधीशों ने एकल न्यायाधीश के आदेश को खारिज करते हुए पत्नी शशिकला को उनके पति शिवकुमार का अभिभावक नियुक्त किया. कोर्ट ने शशिकला को एक करोड़ रुपये की संपत्ति बेचने की अनुमति दी. उन्होंने शिवकुमार के नाम पर 50 लाख रुपये स्थायी जमा के रूप में निवेश करने और उस पर तिमाही ब्याज लेने का आदेश दिया है ।

# नौतपा में टूरिस्ट गायब, गुलाब बाग में देश की पहली टॉय ट्रेन पर भी दिख रहा है गर्मी का असर




**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। नौतपा सबको तपा रहा है। पारा 44 डिग्री के उच्चतम स्तर को छूकर लौट आया है और इसका असर अब भी देखा जा रहा है। गुलाबबाग में मौजूद देश की सबसे बड़ी टॉय ट्रेन पर गर्मी के असर का आज 24 न्यूज अपडेट टीम रिपोर्टर जतिन माली ने जायजा लिया तो पता चला कि बच्चों की यह रेलगाड़ी इन दिनों टूरिस्ट की बहुत कम आवक होने से दोपहर में सुस्ता रही है। केवल शाम को ही टूरिस्ट इस छुक छुक गाड़ी का आनंद ले रहे हैं। रेलगाडी के संचालकों को भी इंतजार है मौसम में थोडी सी ठंडक घुले और बारिश की बूंदों के बीच पर्यटक रेलगाड़ी से गुलाबबाग और जू की सैर करने पहुंचे। हमने वहां बात की संचालक धर्मवीरसिंह भाटी से। भाटी ने कहा कि गुलाबबाग में देश की पहली सीएनजी से चलने वाली महाराणा प्रताप एक्सप्रेस टॉय ट्रेन है। यहां को प्लैटफार्म बहुत ही शानदार है, अच्छी साफ सफाई के साथ डवलप किया गया है। लोग यहां पर गर्मी के समय दिन में आकर बैठते हैं। उनको अच्छा लगता है। आस-पास अच्छी ग्रीनरी है। सुबह 9 बजे हम टॉय ट्रेन की शुरूआत करते हैं मगर टूरिस्ट आम तौर पर 10 से साढ़े 10 बजे आते हैं। हम 15 से 20 टूरिस्ट होते ही ट्रेन को रवाना कर देते हैं। दोपहर में गर्मी के कारण टूरिस्ट कम रहते हैं। शाम को 5 से 6 बजे तक टूरिस्ट का फ्लो आता है व उसके बाद 7 से साढ़े सात बजे तक ट्रेन चलाते हैं। इसमें एक डिब्बे में 35 लोग बैठ सकते हैं। शनिवार और रविवार को चार डिब्बे लगाते हैं बाकी हम तीन डिब्बे लगाते हैं। यह सातों दिन चलती है कभी कभी मेंटेनेंस की वजह से बंद रखते हैं। सुबह एक राउंड ट्रायल का चलाते हैं।

24 न्यूज अपटेड
देश-दुनिया राज्यों एवं स्थानीय खबरें को देखने के लिए हिन्दी समाचार पत्र एवं न्यूज़ चैनल
ताजा खबरें देखने के लिए
हमारे यूट्यूब चैनल को सबस्क्राइब करें
YouTube
हमारे फेसबुक पेज को फॉलो करें
लिंक पर क्लिक करें और हमारे चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करें

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।